त्रैमासिक परीक्षा - 2021

कक्षा - 10

विषय - हिन्दी

समय:2.30 घंटा

पूर्णांक - 80

निर्देश - सभी प्रश्न करना अनिवार्य है।

प्रश्न-1 सही विकल्प चुनिए- (1x6=6)

(1) गोपियाँ किसे बड़भागी कह रही है -

(क) कृष्ण को (ख) स्वयं को (ग) ऊधौ को (घ) सूरदास को

(2) नेताजी की मूर्ति तैयार करने वाले मूर्तिकार का नाम था -

(क) मोतीलाल (ख) किशोरीलाल (ग) रामलाल (घ) श्यामलाल

(3) भोलानाथ के ललाट पर कौन-सा तिलक सुशोभित होता था -

(क) केशर का (ख) भभूत का (ग) कुमकुम का (घ) चंदन का

(4) शांत रस का स्थायी भाव है -

(क) रति (ख) निर्वेद (ग) शोक (घ) क्रोध

(5) समास के प्रकार है -

(क) तीन (ख) चार (ग) पाँच (घ) छः

(6) 'निः+चय = निश्चय' कौन-सी संधि का उदाहरण है -

(क) स्वर संधि (ख) विसर्ग संधि (ग) व्यंजन संधि (घ) दीर्घ संधि

प्रश्न-2 रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए - (1x7=7)

(1) सूरदास जी मुख्यतः ———रस के कवि हैं। (श्रृंगार/ वात्सल्य)

(2) कवि जयशंकर प्रसाद ने अपने मन को ———का रूप दिया है। (भँवरे/ गीतकार)

(3) सभापति का भाषण ———में छपा था। (अख़बारों/पत्रिका)

(4) भोलानाथ का वास्तविक नाम ———था। (विश्वनाथ/तारकेश्वरनाथ)

(5) काव्य के मुख्यतः ———भेद होते है। (दो/तीन)

(6) 'प्रतिदिन' में ———समास है। (तत्पुरुष/अव्ययी भाव)

(7) संचारी भावों की संख्या ———होती है। (तैंतीस/पैंतीस)

प्रश्न-3 सही जोड़ी बनाइए - (1x6=6)

| खंड 'अ' | खंड 'ब' |
|---|---|
| (1) गुड़ | (क) सेवक 2 |
| (2) सेवा करने वाला | (ख) शिवपूजन सहाय 4 |
| (3) माता का अँचल | (ग) चींटी 1 |
| (4) गद्य हमारी | (घ) छायावाद 3 |
| (5) रस काव्य की | (ड.) स्वाभाविक अभिव्यक्ति है 6 |
| (6) जयशंकर प्रसाद | (च) आत्मा है 5 |

www.rajeshsir.co.in

प्रश्न-4 सत्य/असत्य लिखिए - (1x6=6)

(1) 'आत्मकथ्य' कविता पहली बार 'हंस' पत्रिका में प्रकाशित हुई ।

(2) बाल गोविन भगत के गीतों में प्रभु मिलन का भाव होता था ।

(3) 'जॉर्ज पंचम की नाक' पाठ में सरकारी तंत्र पर व्यंग्य किया गया है ।

(4) 'रामचरितमानस' एक खंडकाव्य है ।

(5) एकांकी में चार अंक होते है ।

(6) जहाँ दोनों पद प्रधान हो वहाँ द्विगु समास होता है ।

प्रश्न-5 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए - (1x7=7)

(1) सहस्त्रबाहु कौन था ?

(2) 'आत्मकथ्य' कविता में कवि ने 'मधुप' का प्रयोग किसके लिए किया है ?

(3) नाक किसका प्रतीक होती है ?

(4) कहानी के तत्वों के नाम लिखिए ?

(5) हिन्दी पद्यसाहित्य को कितने भागों में विभाजित किया गया है ?

(6) वर्णों के सार्थक समूह को क्या कहते है ?

(7) भोलानाथ के पिता आटे की कितनी गोलियाँ गंगाजी में प्रवाहित करते थे ?

प्रश्न-6 उद्धव के व्यवहार की तुलना किस - किस से की गई है ? लिखिए । (2)

अथवा

परशुराम के क्रोध करने पर राम और लक्ष्मण की जो प्रतिक्रियाएँ हुई उनके आधार पर दोनों के स्वभाव की एक-एक विशेषता अपने शब्दों में लिखिए ।

प्रश्न-7 कैप्टन की मृत्यु का समाचार देते वक्त पानवाला उदास हो जाता है, क्यों ? (2)

अथवा

बालगोबिन भगत की पुत्रवधू उन्हें अकेले क्यों नहीं छोड़ना चाहती थी ? लिखिए ।

प्रश्न-8 'माता का अँचल' पाठ के आधार पर लिखिए कि शिशु का नाम भोलानाथ कैसे पड़ा ? (2)

अथवा

जार्ज पंचम की लाट की नाक को पुनः लगाने के लिए मूर्तिकार ने क्या- क्या यत्न किए ?

प्रश्न-9 भक्तिकाल की कोई दो विशेषताएँ लिखिए । (2)

अथवा

कहानी और उपन्यास में कोई दो अंतर लिखिए ।

प्रश्न-10 गीतिका छंद की परिभाषा लिखिए । (2)

अथवा

हरिगीतिका छंद की परिभाषा लिखिए ।

प्रश्न-11 महाकाव्य और खंडकाव्य में कोई दो मुख्य अंतर लिखिए । (2)

अथवा

किन्हीं दो खंडकाव्य के नाम लिखते हुए उनके रचनाकारों के नाम लिखिए ।

प्रश्न-12 रस की परिभाषा लिखते हुए, रस के अंगों के नाम लिखिए । (2)

अथवा

वीररस की परिभाषा लिखते हुए, एक उदाहरण लिखिए ।

प्रश्न-13 निम्नलिखित में से किन्हीं दो का संधि-विच्छेद कर नाम लिखिए - (2)

www.rajeshsir.co.in

हिमालय, जगदीश, मनोरथ ।

अथवा

निम्नलिखित में से किन्हीं दो का समास-विग्रह कर नाम लिखिए -
राजभवन, चौराहा, रात-दिन

प्रश्न-14 निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखते हुए वाक्यों में प्रयोग कीजिए - (2)
घी के दिए जलाना, आँखों का तारा ।

अथवा

निपात शब्द किसे कहते है? उदारहण द्वारा समझाइए ।

प्रश्न 15 निम्नलिखित अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध कीजिए - (2)
(क) श्रीकृष्ण के अनेकों नाम है ।
(ख) वह एक आँख से काना है ।

अथवा

निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए -
(क) रास्ता दिखाने वाला ।
(ख) जो उच्च कुल में पैदा हुआ है ।

प्रश्न 16 सूरदास अथवा जयशंकर प्रसाद जी की कोई दो रचनाएँ लिखते हुए उनकी काव्यगत विशेषताएँ लिखिए । (3)

प्रश्न 17 स्वयं प्रकाश अथवा रामवृक्ष बेनीपुरी जी की कोई दो रचनाएँ लिखते हुए उनकी साहित्यिक विशेषताएँ लिखिए । (3)

प्रश्न 18 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए - (3)
(क) योग का महत्त्व (ख) मोबाइल फोन लाभ या हानि

अथवा

'नेताजी का चश्मा' पाठ का उद्देश्य लिखिए ।

प्रश्न 19 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (3)

श्रम-साधना करने वाले को यश प्राप्त होता है और वैभव भी। श्रम करके एक निर्धन परिवार का बालक भी उच्च पद पर आसीन हो जाता है और अपने परिवार की आर्थिक स्थिति बदल देता है। श्रम करके हमें अलौकिक आनंद की प्राप्ति होती है तथा परम संतोष का अनुभव होता है। श्रम करने से हमारा शरीर स्वस्थ रहता है। शारीरिक श्रम करने वाले प्रायः दीर्घजीवी होते हैं। श्रम करने वाला विकट परिस्थितियों में भी नहीं घबराता है। आत्मविश्वास उनका रक्षक बन जाता है परिश्रम सफलता का मूलमंत्र है। बिना परिश्रम किए किसी को भी सफलता नहीं मिलती है। यदि मिलती है तो वह स्थायी नहीं होती। परिश्रम व्यक्ति में आत्मसंतोष और आत्मनिर्भरता की भावना लाता है। परिश्रम का कोई विकल्प नहीं है। अतः परिश्रमी बनो।

प्रश्न – (क) 'श्रम' का पर्यायवाची शब्द लिखिए।
(ख) सफलता का मूलमन्त्र क्या है ?
(ग) श्रम करने वालों का रक्षक कौन होता है ?

अथवा

निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

' कोशिश करने वालों की हार नहीं होती।
लहरों से डरकर नौका पार नहीं होती।

www.rajeshsir.co.in

नन्हीं चींटी जब दाना लेकर चलती है ।
चढ़ती दीवारों पर सौ बार फिसलती है।
मन का विश्वास रगों में साहस भरता है ।
चढ़कर गिरना, गिरकर चढ़ना न अखरता है।
आखिर उसकी मेहनत बेकार नहीं होती।
कोशिश करने वालों की हार नहीं होती ।'

प्रश्न- (क) चींटी की मेहनत बेकार क्यों नहीं होती ?

(ख) 'कोशिश' का पर्यायवाची शब्द लिखिए ।

(ग) काव्यांश का उचित शीर्षक दीजिए ।

प्रश्न 20 निम्नलिखित काव्यांश का संदर्भ-प्रसंग सहित भावार्थ लिखिए । (4)

ऊधौ, तुम हौ अति बड़भागी।
अपरस रहत सनेह तगा तैं, नाहिन मन अनुरागी ।
पुरइनि पात रहत जल भीतर, ता रस देह न दागी ।
ज्यौं जल माहँ तेल की गागरि, बूँद न ताकौं लागी।

अथवा

मधुप गुन -गुना कर कह जाता कौन कहानी यह अपनी ,
मुरझाकर गिर रहीं पत्तियाँ देखो कितनी आज घनी ।
इस गंभीर अनंत -नीलिमा में असंख्य जीवन - इतिहास
यह लो, करते ही रहते हैं अपना व्यंग्य -मलिन उपहास

प्रश्न 21 निम्नलिखित गद्यांश की संदर्भ -प्रसंग सहित व्याख्या लिखिए - (4)

'पानवाले के लिए एक मज़ेदार बात थी लेकिन हालदार साहब के लिए चकित और द्रवित कर देने वाला यानी वह ठीक ही सोच रहे थे । मूर्ति के नीचे लिखा 'मूर्तिकार मास्टर मोतीलाल' वाकई कस्बे का अध्यापक था । बेचारे ने महीने भर में मूर्ति पटक देने का वादा कर दिया होगा । बना भी ली होगी, लेकिन पत्थर में पारदर्शी चश्मा कैसे बनाया जाए-काँच वाला यह तय नहीं कर पाया होगा '।

अथवा

'बालगोबिन भगत मँझोले कद के गोरे-चिट्टे आदमी थे। साठ से ऊपर के ही होंगे। बाल पक गए थे। लंबी दाढ़ी या जटाजूट तो नहीं रखते थे, किंतु हमेशा उनका चेहरा सफ़ेद बालों से ही जगमग किए रहता। कपड़े बिलकुल कम पहनते। कमर में एक लंगोटी-मात्र और सिर में कबीरपंथियों की सी कनफटी टोपी । जब जाड़ा आता, एक काली कमली ऊपर से ओढ़े रहते। मस्तक पर हमेशा चमकता हुआ रामानंदी चंदन, जा नाक के एक छोर से , औरतों के टीके की तरह, शुरू होता। गले में तुलसी की जड़ों की एक बेडौल माला बाँधे रहते।'

प्रश्न 22 अपने प्राचार्य महोदय को शाला शुल्क-मुक्ति हेतु आवेदन पत्र लिखिए । (4)

अथवा

वार्षिक परीक्षा की तैयारी के संबंध में अपने पिताजी को पत्र लिखिए ।

प्रश्न 23 निम्नलिखित में से किसी विषय पर 100 से 120 शब्दों में सारगर्भित निबंध लिखिए- (4)

विद्यार्थी जीवन और अनुशासन
पर्यावरण प्रदूषण एवं निदान
स्वच्छ भारत अभियान
मेरा प्रिय खेल

www.rajeshsir.co.in